# छत्तीसगढ़ शासन
# राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
# मंत्रालय
# महानदी भवन, अटल नगर रायपुर

**क्रमांक एफ- 1/08/2015/सात-3** **अटल नगर, रायपुर दिनांक 01/01/2019**

## पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा-2019 हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नया रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-1-08/2015 सात-3, नया रायपुर दिनांक 31.07.2018 के अनुसार राज्य के 14 जिलो में पटवारी प्रशिक्षण हेतु 250 अभर्थियों के चयन हेतु प्रतियोगी परीक्षा के लिए संबंधित जिले के ही पात्र एवं इच्छुक स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर दिनांक 11.01.2019 से आमंत्रित किये जाते है। कोई भी अभ्यर्थी केवल उसी जिले के रिक्त पदों के विरूद्ध आवेदन कर सकेगा, जिसे जिले का यह स्थानीय निवासी हो। इस प्रयोजन हेतु आवेदक को उसी जिले का स्थानीय निवासी माना जावेगा,जिस जिले का उल्लेख सक्षम अधिकारी द्वारा आवेदक को जारी छत्तीसढ़ के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में किया गया हो।

2.परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 1.परीक्षा की तिथि | - | 17 मार्च 2019 (रविवार) |
| 2.परीक्षा का समय | - | पूर्वान्ह 10:00 बजे से 01.15 बजे तक |
| 3.ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | - | 11.01.2019 (शुक्रवार) |
| 4.ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि | - | 31.01.2019 (गुरूवार) रात्रि 11:59 बजे तक |
| 5.व्यापमं की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | - | 11.03.2019 (सोमवार) |
| 6.परीक्षा केन्द्र | - | प्रदेश के 27 जिला मुख्यालयों में |

3.किसी जिले में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर समीपस्थ अन्य जिले में परीक्षा केन्द्र आबंटित किये जा सकते है।

4.पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट से भेजे जाने वाले आवेदन पत्र मान्य नही किये जायेंगे।

5.यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के रिट पिटिशन क्रमांक (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होंगी।

विस्तृत विज्ञापन,पाठ्यक्रम,ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की विधि तथा अन्य जानकारी व्यापमं की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है।

**सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

G-57078/3